दिन–गुरुवार दिनांक– 18 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

लोकसभा में आज विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण, वीबी जी राम जी विधेयक दो हजार पच्चीस को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। इस कानून में प्रत्येक वर्ष एक सौ पच्चीस दिनों की रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया गया है। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर इसकी प्रगति और आकलन का प्रावधान रखा गया है। इससे पहले विपक्ष की मांग को मानते हुये विधेयक के विभिन्न बिन्दुओं पर लोकसभा में विशेष चर्चा की गयी। चर्चा का जवाब देते हुये केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नया विधेयक ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नये अवसर खोलेगा। श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा के तहत वृहत पैमाने पर कार्य किया और अब जी राम जी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार के सुनिश्चित अवसर देकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने में सहयोग करेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चौंतीस मोबाईल फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों की मदद से अपराध की घटनाओं में फॉरेंसिक जांच में तेजी आयेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को भूमि संबंधी विभिन्न मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिये हैं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता–डीसीएलआर और अंचलाधिकारियों को भूमि विवाद से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिये हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में रैयतों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जायेगी।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज नगर विकास एंव आवास विभाग का पदभार भी संभाल लिया। श्री सिन्हा के पास दो विभाग की जिम्मेदारी पहले से थी। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नितिन नबीन के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया था। श्री सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों के साथ परिचय

और संवाद के बाद मीडिया से बातचीत करते हुये कहा कि शहरी विकास को नई दिशा देने के साथ ही आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास जारी रखेंगे।

———————————————————————————

एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड शुरू हो गयी है। राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम और उत्तर—पश्चिमी भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अचानक तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। इससे ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में और कमी हो सकती है। विभाग ने राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का रेड अलर्ट भी जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

नवादा की उपविकास आयुक्त नीलिमा साहू ने आज विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को लम्बित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चौबीस सौ लीटर स्प्रिट जब्त की है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

शिवहर के पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने भटहा थाना में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान आम लोगों के समस्याएं सुनी। एसपी ने अधिकारियों को इन मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के ऐतिहासिक सिद्धपीठ थावे दुर्गा मंदिर से चोरों ने आभूषण से भरा लॉकर चुरा लिया। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि चोरों ने मुकुट, हार और छतरी की चोरी की है। मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।